सं-12016/32/2025-रा.भा.(क-2)

राजभाषा विभाग

गृह मंत्रालय

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 28 फरवरी, 2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय: 05 मार्च, 2025 को पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन, गुवाहाटी के अवसर पर सुरक्षा प्रवेश पत्र का वितरण।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कृपया ध्यान दें कि 05 मार्च, 2025 को गुवाहाटी में आयोजित होने वाले पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर सुरक्षा प्रवेश पत्र और सम्मेलन किट का वितरण निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

1. सुरक्षा प्रवेश पत्र का वितरण दिनांक 04 एवं 05 मार्च, 2025 को मेफेयर होटल्स एंड रिसोर्ट्स, कमारकुची सोनपुर टेपएसिया, गुवाहाटी (असम) में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार प्रदान किया जाएगा-

04 मार्च, 2025	सायं 03.00 बजे से सायं 7 बजे तक
05 मार्च, 2025	प्रात: 07.00 बजे से 09.00 बजे तक

2. सुरक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कृपया सुनिश्चित करें कि सुरक्षा प्रवेश पत्र हर हाल में 04 एवं 05 मार्च, 2025 को ऊपर उल्लिखित समयानुसार प्राप्त कर लिए जाएं। **इसके पश्चात सुरक्षा प्रवेश पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।**
3. सभी पंजीकृत प्रतिभागियों से अनुरोध है कि कृपया सुरक्षा प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए अपनी पंजीकरण संख्या को सॉफ्ट या हार्ड रूप में साथ लेकर आएं।
4. कृपया ध्यान दें कि यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंको/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए है। किसी भी गैर-सरकारी व्यक्ति अथवा संस्थान को निमंत्रण पत्र प्रदान नहीं किए जाएंगे।

28/02/2025

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (नीति)

सेवा में,

सभी संबंधित केंद्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।